पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ०प्र०
(राज्यपाल सूचना परिसर)

------

# प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल की गरिमामयी उपस्थिति में के.जी.एम.यू. में आंगनबाड़ी किट वितरण कार्यक्रम सम्पन्न

------

## राज्यपाल जी ने जनपद हरदोई की 200 आंगनबाड़ी केन्द्रों के लिए किया किट वितरण

------

## कोई भी बच्चा कुपोषित नहीं रहना चाहिए

------

## आंगनबाड़ी केन्द्रों के विकास में डिजिटल तकनीक का हो उपयोग

------

## आंगनबाड़ी कार्यकत्रियाँ बच्चों के सामने आदर्श व्यवहार प्रस्तुत करें

**–राज्यपाल, श्रीमती आनंदीबेन पटेल**

------

लखनऊ : 17 अगस्त, 2024

उत्तर प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल की गरिमामयी उपस्थिति में आज किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय (के.जी.एम.यू.) लखनऊ में आंगनबाड़ी किट वितरण कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के अंतर्गत हरदोई जिले के लिए 200 आंगनबाड़ी किटों का वितरण किया गया, जिसमें 100 किट के.जी.एम.यू., लखनऊ तथा 100 किट जिला प्रशासन, हरदोई द्वारा प्रदान किया गया।

राज्यपाल जी ने विशेष रूप से 10 अति कुपोषित बच्चों को पोषण किट प्रदान की। यह प्रयास बच्चों के पोषण स्तर को सुधारने और उनके समग्र विकास को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से किया गया।

अपने संबोधन में राज्यपाल जी ने कहा कि आंगनबाड़ी केन्द्रों के माध्यम से पोषण और शिक्षा के क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों से समाज के कमजोर वर्गों को

सशक्त बनाने में मदद मिलती है। कार्यक्रम में आंगनबाड़ी के छोटे–छोटे बच्चों द्वारा दी गई मनमोहक प्रस्तुतियों पर राज्यपाल जी ने प्रसन्नता व्यक्त की और कहा कि आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को बच्चों के सामने एक आदर्श व्यवहार प्रस्तुत करना चाहिए क्योंकि बच्चे अपने शिक्षकों से बहुत कुछ सीखते हैं और जो वे इस उम्र में देखते हैं, वह उनके मानस पटल पर स्थायी रूप से अंकित हो जाता है। राज्यपाल जी ने बच्चों को शुभकामनाएं दीं और कहा कि बच्चों को सही दिशा दिखाने का कार्य आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों का प्रथम कर्तव्य होना चाहिए। उन्होंने कहा कि आंगनबाड़ी कार्यकत्रियाँ छोटे बच्चों, गर्भवती माताओं और किशोरियों के मार्गदर्शन में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।

अपने संबोधन में राज्यपाल जी ने चिकित्सकों को ऐसी डॉक्यूमेंट्री फिल्म बनाने का निर्देश दिया, जो गर्भावस्था और शिशु के विकास के विभिन्न चरणों को प्रदर्शित करती हो। इसमें गर्भवती महिला के आहार, वातावरण, और इन कारकों का शिशु पर पड़ने वाले प्रभावों को दर्शाना चाहिए। इस फिल्म का प्रसारण समाज के सभी वर्गों तक पहुंचाया जाए ताकि लोग जागरूक हो सकें।

राज्यपाल जी ने यह भी संकल्प लेने का निर्देश किया कि कोई भी बच्चा कुपोषित नहीं रहना चाहिए। उन्होंने स्वच्छता पर अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि समाज को स्वच्छता के प्रति जागरूक होना चाहिए। साथ ही, आंगनबाड़ी के विकास में डिजिटल तकनीक का उपयोग बढ़ाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि मोबाइल फोन और डिजिटल माध्यमों का इस्तेमाल कर बच्चों को नवीनतम जानकारियाँ प्रदान करनी चाहिए।

राज्यपाल जी ने जिलाधिकारी हरदोई, श्री मंगला प्रसाद सिंह और मुख्य विकास अधिकारी, श्रीमती सौम्या गुरुरानी को राजभवन उत्तर प्रदेश में किए गए नवाचारों पर आधारित पुस्तक 'हमारा राजभवन' भेंट करते हुए कहा कि सबको अपने कार्यक्षेत्र में इसी प्रकार के रचनात्मक प्रयास करते रहना चाहिए। इसके साथ ही राज्यपाल जी ने जिलाधिकारी, हरदोई को एक विशेष फर्स्ट एड बॉक्स प्रदान किया। इस बॉक्स में डेटॉल, साबुन, सुई–धागा, दवाइयाँ, कंघी, नेल कटर, रूमाल

जैसी आवश्यक वस्तुएं शामिल थीं, जो आंगनबाड़ी के छोटे बच्चों की देखभाल के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। किट प्रदान करते हुए राज्यपाल जी ने जिलाधिकारी को निर्देश दिया कि ऐसी प्राथमिक उपचार किट हरदोई की हर आंगनबाड़ी में उपलब्ध कराई जाए, ताकि बच्चों की सुरक्षा और स्वास्थ्य का समुचित ध्यान रखा जा सके।

राज्यपाल जी ने कार्यक्रम के दौरान प्रस्तुति देने वाले बच्चों को उपहार भेंट कर उन्हें प्रोत्साहित किया। बच्चों की रचनात्मकता और उत्साह की सराहना करते हुए उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजन बच्चों के सर्वांगीण विकास में मददगार होते हैं। किट वितरण में योगदान देने वाले विभिन्न सहयोगी संस्थानों– के.जी.एम.यू., लखनऊ वरुण बेवरेजेस कंपनी लिमिटेड, हरदोई डीसीएम श्रीराम कंपनी लिमिटेड, हरदोई इंडियन पेस्टीसाइड्स लिमिटेड, संडीला सैफ ईस्ट कंपनी लिमिटेड, संडीला एचसीएल फाउंडेशन, हरदोई को राज्यपाल जी ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राज्य मंत्री (उच्च शिक्षा) उत्तर प्रदेश, श्रीमती रजनी तिवारी ने कहा कि माननीय राज्यपाल जी के मार्गदर्शन में उत्तर प्रदेश लगातार प्रगति कर रहा है। जब बच्चों की नींव मजबूत होगी, तभी समाज और देश की इमारत भी मजबूत होगी। आंगनबाड़ी केंद्रों के माध्यम से बच्चों की नींव मजबूत की जा रही है, जिससे उनकी शारीरिक और मानसिक वृद्धि को बढ़ावा मिल रहा है।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राज्य मंत्री महिला कल्याण, बाल विकास एवं पुष्टाहार, श्रीमती प्रतिभा शुक्ला ने कहा कि प्रदेश की आंगनबाड़ी केंद्र राज्यपाल जी की प्रेरणा से निरंतर सशक्त हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि राज्यपाल जी के मार्गदर्शन और प्रोत्साहन से आंगनबाड़ी केंद्रों में बच्चों को बेहतर पोषण, शिक्षा और देखभाल मिल रही है, जिससे बच्चों की शारीरिक और मानसिक विकास की नींव मजबूत हो रही है।

कार्यक्रम के दौरान जिलाधिकारी हरदोई, श्री मंगला प्रसाद सिंह ने जनपद हरदोई के आंगनबाड़ी केंद्रों में किए गए प्रगति कार्यों की जानकारी राज्यपाल जी

को प्रदान की। उन्होंने बताया कि आंगनबाड़ी केंद्रों में बच्चों के पोषण, शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में कई महत्वपूर्ण सुधार और नवाचार किए गए हैं। इसके परिणामस्वरूप बच्चों के पोषण स्तर में सुधार हुआ है और शिक्षा के क्षेत्र में सकारात्मक प्रगति देखी जा रही है।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी श्रीमती सौम्या गुरूरानी, कुलपति के. जी.एम.यू. प्रो0 सोनिया नित्यानंद, आंगनबाड़ी कार्यकत्रियाँ, बच्चे, जनप्रतिनिधिगण तथा अन्य उपस्थित रहे।

--------

संपर्क सूत्र :
डॉ0 संगीता चौधरी, राजभवन
मो0 : 9161668080

